आई.जी.यू. में फार्मेसी विभाग में गैस्ट लैक्चर आयोजित

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में विद्यार्थियों को संबोधित करते अतिथि। (वधवा)

रेवाड़ी, 19 जनवरी (वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के फार्मेसी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए गैस्ट लैक्चर-कम-एलुमनी इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने किया। उन्होंने फार्मेसी फील्ड में बेहतर करियर और जी.पी.ए.टी. (ग्रैजुएट फार्मेसी एप्टीच्यूड टैस्ट) के संबंध में विद्यार्थियों से अपने विचार सांझा किए।

उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करके अच्छे लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस दौरान फार्मेसी विभाग के पूर्व छात्र हरि किशन ने गवर्नमैंट जॉब तथा प्राइवेट सैक्टर में फार्मेसी के स्कोप बताते हुए विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बी.फार्मेसी के बाद एम.फार्मेसी में एडमिशन लेने के लिए जी.पी.ए.टी. के टैस्ट का विशेष महत्व है तथा जी.पी.ए.टी. का टैस्ट उत्तीर्ण करने के बाद 12,400 रुपए मासिक स्कॉलरशिप दी जाती है।

उन्होंने फार्मेसी में करियर के विभिन्न अवसर के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। इस कार्यक्रम में शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

फार्मेसी में हैं करियर की अपार संभावनाएं



आइजीयू में व्याख्यान में विद्यार्थियों कोसंबोधितकरते डा. सुनील ● सौ. आइजीयू

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी : इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आइजीयू) में फार्मेसी विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फार्मेसी विभाग अध्यक्ष डा. सुनील कुमार ने किया। उन्होंने फार्मेसी फील्ड में बेहतर करियर और जीपेट (ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करके अच्छे लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस दौरान फार्मेसी विभाग के पूर्व छात्र हरी किशन ने सरकारी और निजी सेक्टर में फार्मेसी की संभावनाएं बताते हुए विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बी.फार्मेसी के बाद एम.फार्मेसी में प्रवेश लेने के लिए जीपेट के टेस्ट का विशेष महत्व है।